तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक में बजट पर लगी मुहर


14 जिले की 129 पंचायतें टीबी मुक्त हुई


## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव सामूहिक कन्या विवाह में होंगे शामिल



बेमेतरा। जिले के 171 परिवारों के लिए 29 मार्च यादगार और शुभ विवाह होने वाला है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इन परिवारों के 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे। इस भव्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे और वर-वधू को आशीर्वाद देंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11 बजे बेमेतरा पहुंचेंगे । यहां वह जिला अस्पताल में जीवन दीप समिति की बैठक में शामिल होंगे। उसके बाद श्री साव दोपहर 12 बजे इंडोर स्टेडियम कँटेली में सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शिरकत करेंगे। वर-वधू को आशीर्वाद देंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2 .00 बजे बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



बेमेतरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के विभिन्न थाना/चौकी के अपराधों में फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड के लिए विशेष टीम का गठन कर रवाना किया गया हैं। गठित टीम द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी कडी में शुक्रवार को धारा 138 NIA के मामले में स्थाई वारंटी योगेश कुमार नाविक पिता गोवर्धन नाविक उम्र 36 साल साकिन पंचभईया थाना दाढी जिला बेमेतरा को पकड़ा गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना दाढी से सउनि गुहाराम वारे, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह एवं गठित टीम से प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक पीलाराम साहू, संजय पाटिल, मोती जायसवाल शामिल थे।

### 1 अप्रैल से स्कूल सुबह 7 बजे से होंगी संचालित

बेमेतरा। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के लिए शाला के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाएं 1 अप्रैल से प्रातः 7:00 बजे से लेकर 11:00 तक लगेंगी। एक ही पाली में लगने वाली समस्त शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सोमवार से शेष पेज 13 पर

## 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

ज़िले के लिए 29 मार्च का दिन एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 171 गरीब परिवारों के बेटा-बेटियां विवाह बंधन में बंधेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इन परिवारों के 171 वर-वधू एक ही मंडप में विवाह बंधन में बंधेंगे और सुखमय जीवन जीने की शपथ लेंगे।

इस सामूहिक विवाह आयोजन से न केवल नवविवाहित जोड़ों के जीवन की नई शुरुआत होगी, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी यह एक यादगार क्षण बनेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे बिना किसी वित्तीय बोझ के अपने बच्चों के विवाह को संपन्न कर सकें। इस भव्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयाल दास करेंगे, जबकि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इनके अलावा सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू एवं ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष हेमा दिवाकर समेत कई अन्य गणमान्य जन इस समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए मौजूद रहेंगे।यह आयोजन ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के कंतेली इंडोर स्टेडियम में संपन्न होगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कंतेली इंडोर स्टेडियम में होगा आयोजन

#### प्रत्येक जोड़े को दी जाएगी आर्थिक सहायता

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसमें वधू को गृहस्थी शुरू करने के लिए सरकार हर जोड़े को विवाह सहायता के रूप में निश्चित राशि भी प्रदान करती है। पहले यह राशि 25000 रुपये थी जिसे बढ़ाकर 50000 रुपये किया गया है । जिससे उन्हें अपने नए जीवन की शुरुआत करने में मदद मिलती है।



#### निकाली गई बारात

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे होगी, जिसमें सबसे पहले पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात निकाली जाएगी। यह बारात टाउन हॉल से रवाना होकर इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी, जहां सभी वर-वधू एक ही मंडप में विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे। विवाह संस्कार विधिवत रूप से पुरोहितों द्वारा संपन्न कराए जाएंगे, जिसमें हिंदू विवाह परंपराओं का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

#### सामूहिक विवाह योजना का महत्व

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत प्रदान करना और विवाह को एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाना है, जिससे समाज में एकता और भाईचारे की भावना विकसित हो। इस योजना से न केवल परिवारों को वित्तीय सहायता मिलती है, बल्कि यह आयोजन सामाजिक सहयोग और समरसता का प्रतीक भी बनता है।

### आयोजन : नपा की पहली बैठक में हुए कई निर्णय

## प्रेसिडेंट इन काउंसिल में नगर विकास के लिए 40 प्रस्ताव किए गए पारित

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

नगर पालिका में नवगठित प्रेसिडेंट इन काउंसिल की प्रथम बैठक शुक्रवार नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर विकास की चर्चा कर 40 प्रस्ताव पारित किया गया। वही जलसंकट को देखते हुए अप्रैल ,मई माह तक भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र पर रोक लगाया गया। इसी तरह ठेकेदारों पर भी लगाम लगाते हुए उन्हें नगर में अपूर्ण कार्य को पूरा करने करने 7 दिन का समय दिया गया, अन्यथा ठेका निरस्त किए जाने पर सहमति जताई गई।

- ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने 7 दिन का समय, अन्यथा होगा कार्य निरस्त

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि पहली बैठक में नगर विकास की चर्चा ज्यादा जहां रखी गई थी। वही मौजूदा समस्या पर ध्यान देकर कुछ नए योजनाओं को लेकर निर्णय लिया गया।जिसमें मां भद्रकाली महोत्सव मनाने का प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजने । गौ माता संरक्षण और संवर्धन के लिए गायों के रहने की जगह और चारा पानी के साथ स्थान देकर व्यवस्थित करने के अलावा जहां-जहां पालिका को शासन द्वारा जमीन आवंटन हुआ है। वहां पर ईडब्ल्यूएस मकान का निर्माण और वार्ड नंबर 13 सिंघोरी में होलसेल मार्केट ढाई एकड़ में बनाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाया गया।

श्री सिन्हा बताया कि बैठक में मुख्य रूप से नगर में जल संकट ,जल की समस्या को लेकर गंभीर चर्चा की गई जिसके लिए जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग एसटीपी निर्माण और जल संकट से निपटने दो बड़ी टंकियां का निर्माण जिसकी क्षमता 5 लाख लीटर के लगभग होगी, उसके निर्माण कार्य का प्रस्ताव लाया गया, जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने प्रस्ताव को पारित कर दिया। बैठक में अमृत मिशन 2.0 योजना की स्वीकृति के लिए चर्चा रखी गई और उस पर निर्णय लिया गया । बैठक प्रस्ताव में प्रमुख रूप से शहर के अंदर तीन यात्री प्रतीक्षालय को पिंक महिला यात्री प्रतीक्षालय के रूप में लाने मरम्मत कार्य करवाने कार्य योजना लाई गई।

### जलसंकट को देखते हुए मई माह तक भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र पर रोक



#### विभिन्न वार्डों में बनेंगे चबूतरा व मंच

प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में विधायक निधि मद से तहसील कार्यालय जयस्तंभ चौक,भद्रकाली तालाब में चबूतरा, स्लैब कार्य ,शेड निर्माण किए जाने के अलावा विधायक निधि से ही नगर के विभिन्न वार्डों में चबूतरा,मंच,सामुदायिक भवन और सीसी रोड ,नाली मरम्मत कार्य का प्रस्ताव रखा गया। विधायक निधि मद से ही मोहभट्ठा में शीतला मंदिर के पास एक अतिरिक्त कक्ष और दो पानी टैंकर क्रय भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा 14वें और 15 वें वित की राशि से अप्रारंभ कार्य को निरस्त किए जाने पर सहमति बनी वही वार्ड क्रमांक 16 गौरव पथ रोड नयापारा में गार्डन का जीर्णोद्धार ,शहर के पांच स्थानों में हाई मास्क लाइट लगाने ,बेसिक स्कूल मैदान में वीआईपी वेटिंग कक्ष निर्माण और मॉडल शौचालय निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया। इसी के साथ ही नवागढ़ चौक और कोबिया चौक में शौचालय निर्माण करने सभी मुक्तिधामों में शौचालय निर्माण पर चर्चा और प्रस्ताव पास करते हुए बैठक समाप्त की गई । **ये हुए शामिल :** प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति और काउंसिल सदस्य राजकुमार खांडे ,पंचू साहू ,विकास कुमार तंबोली, सुश्री नीतू कोठारी, गौरव साहू ,आकिब मलकानी, सीएमओ कोमल ठाकुर व पालिका अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## 23 बिना हेलमेट व 4 मालवाहक पर सवारी बिठाने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा



पुलिस प्रशासन जागरूकता अभियान व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही भी लगातार की जा रही है। पुलिस प्रशासन बीते कल थाना बेमेतरा 15, थाना साजा 08, थाना बेरला 07, थाना परपोडी 08, चौकी कंडरका 03, चौकी खण्डसरा 03, चौकी संबलपुर 04, चौकी देवरबीजा 05 पर कारवाई की।

23 चालान में 23 व्यक्ति पर बिना हेलमेट वाहन चलाने और 04 मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर ले जाने पर कारवाई की गई। इसी तरह यातायात के नियमों का उल्लघंन करने 75 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 26 हजार 700 रुपए शुल्क वसूला गया। बेमेतरा पुलिस प्रशासन ने अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, तेज गति से वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

- नियमों के उल्लंघन पर 26 हजार रुपए का वसूला गया शुल्क

## बच्चों को प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में समस्या पर आधारित बच्चों को सृजनात्मक लेखन कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही साथ अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने कहा गया।

- प्लास्टिकमुक्त वातावरण संबंधित सृजनात्मक एंव रचनात्मक लेखन भी किये

संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण पर निबंध छात्रों को लिखने के लिए इसलिए दिया जाता है ताकि वे प्लास्टिक प्रदूषण के प्रभावों और समाधान के बारे में अधिक समझ सकें। यह न केवल उनके लेखन कौशल को बढ़ावा देता है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी समझाता है। जिसके माध्यम से छात्र अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता फैला सकते हैं।इस दौरान शाला में सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चन्द्राकर एंव प्रशांत बघेल उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि प्लास्टिक हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। खरीदारी से लेकर भोजन तक, हर शेष पेज 13 पर

### 400 शिक्षक कर रहे उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन

## जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने किया मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के केन्द्रीय मूल्यांकन का शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बनाये गये बेमेतरा जिले के एकमात्र मूल्यांकन केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मूल्यांकन करने के लिए हाईस्कूल परीक्षा में 38 हजार 285 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 22 हजार 950 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई है। 27 मार्च तक 11 हजार 503 उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों को कार्य मुक्त करने के लिए प्राचार्यों को पहले ही पत्र दिया जा चुका है। मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त किये जाने के निर्देश के बाद लगभग 400 मूल्यांकन कर्ता प्रतिदिन मूल्यांकन केंद्र पहुंच रहे हैं, और मूल्यांकन कर रहे है।



#### मूल्यांकन कार्य तय समय सीमा के पहले हो जाएगा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मूल्यांकन की प्रगति संतोषजनक है। मूल्यांकन कार्य बोर्ड द्वारा तय सीमा से पहले ही पूर्ण हो जायेगा। मूल्यांकन केंद्र निरीक्षण के समय साथ में बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले भी जिला शिक्षा अधिकारी के साथ पूरे समय तक रहे। मूल्यांकन कार्य के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य संतराम साहू को मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष बनाया गया है।

### सुलभता से मिलने से गंजेड़ियों के सिर चढ़ कर बोल रहा है गांजा का नशा

## क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है गांजा पीने वालों की संख्या

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

वाजिब दामों में सुगमता से मिलने के कारण क्षेत्र में गांजाजनित बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है। कई गंजेड़ी तो इस नशे के आगे घुटने टेककर मानसिक एवं शारीरिक रोगों से ग्रसित होकर घुट-घुट कर जीने मजबूर हैं। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गांजा एक ऐसा नशा है जो इसके शौकीनों को बड़ी आसानी से कम दामों में मिल जाता है।

क्षेत्र में कई ऐसी दुकानें हैं जहां 20-25 रुपए में गांजा की पुड़िया मांगने पर आसानी से मिल जाती है। जिसके कारण इस नशे के शौकीन भी ज्यादा हैं और नगर के पुल-पुलिया व सुनसान क्षेत्रों एवं तालाबों तथा चौपाटी में बुजुर्ग नौजवान से लेकर बच्चे तक चिलम में गांजा भरकर सुट्टा लगाते हुए नजर आ जाते हैं। परिणाम यह है कि आज नगर की गलियों में गांजा के नशे में मदमस्त दर्जनों गंजेड़ी घूम रहे हैं। इन गंजेड़ियों की स्थिति ये है लगातार गांजा के नशे में इन्हें मानसिक रोग से ग्रस्त कर दिया है। इस रोग के चलते ये मरीज अपने आप में मस्त रहकर गुमसुम रहते हैं। कई गंजेड़ियों की तो हालत इतनी दयनीय है कि उन्हें न तो कपड़े पहनने का होश है और



न ही खाने पीने की सुध। चिंता का विषय यह है कि इन गंजेडियों की कतार में 14-15 आयु वर्ग के लड़के भी शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों ने भी अपने बड़ों की देखा सीखी चिलम में गांजा भरने से लेकर उसके जहरीले धुंए को अपने हलक के नीचे ऊतारना सीख लिया है।

#### गर्मी में गांजा का नशा जहर से कम नहीं

नशा करने वालों में लड़के भी शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों ने भी अपने बड़ों की देखा सीखी चिलम में गांजा भरने से लेकर उसके जहरीले धुंए को अपने हलक के नीचे ऊतारना सीख लिया है। चिकित्सकों के अनुसार गांजा कई प्रकार के चिकित्सकों का मानना है कि इस नशे के आदि अधिकांश गरीब परिवार के लोग हैं। जिनके पास न तो खाने के लिए पैसे होते हैं और न ही कोई दूसरे नशे के लिए। मजबूरन वे अपनी तलब को मिटाने के लिए कम कीमत में मिलने वाले गांजे का सहारा लेते हैं और जब तक गांजा के साथ पौष्टिक आहार न हो वह शरीर को खोखला करता चला जाता है। अंततः गंजेडी शारीरिक रूप से कमजोर तो होता ही है साथ ही मानसिक रूप से भी विक्षिप्त हो जाता है। नगर के प्रकृत नागरिकों ने क्षेत्र में गांजा के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए प्रशासन से इनके विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की है।चिकित्सकों के अनुसार गांजा कई प्रकार के शारीरिक रोगों का कारक है। गर्मी के दिनों में तो यह जहर से कम नहीं। बेमेतरा शहर के पीकरी तालाब स्थित चौपाटी,बाजार पारा ,नया पारा ,कबीर कूटी पीछे ,बस स्टैण्ड क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में गांजा खुलेआम बेचा और पिया जा रहा है।

## भक्तमाता कर्मा के आदर्श समाज में परोपकार एकता व सशक्तिकरण की देते हैं प्रेरणा : कल्पना

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

ग्राम आंदू में साहू समाज द्वारा भक्तमाता कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं भक्तमाता कर्मा का आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।

- जयंती महोत्सव में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि भक्तमाता कर्मा का जीवन निस्वार्थ सेवा, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें समाज में एकता, परोपकार और सशक्तिकरण की प्रेरणा देते हैं।



समाज की उन्नति के लिए हमें शिक्षा, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। आपके सहयोग से साहू समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगी। कल्पना योगेश तिवारी ने साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे हमेशा समाज के विकास और कल्याण के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगी। समारोह में साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने कल्पना योगेश तिवारी का स्वागत किया गया ।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर सरजू साहू शेष पेज 13 पर

# सर्वर की समस्या से एक दिन बाद रजिस्ट्री, 16 फीसदी राजस्व की वसूली

## वित्तीय वर्ष के चार दिन ही शेष, शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

अलग खबर

जिला पंजीयन कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री में सर्वर आडे आ रहा है। हालात यह है कि, अप्वाइंटमेंट के दिन की रजिस्ट्री दूसरे दिन हो रही हैं। सर्वर ठप होने से जिला पंजीयक कार्यालय को टारगेट पूरा करने की चुनौती भी बनी हुई है।

बहरहाल वित्तिय वर्ष की 84 राजस्व प्राप्त हो चुकी हैं, वही शेष 16 फीसदी राजस्व की वसूली के लिए सिर्फ चार दिन ही शेष हैं। हांलाकि सर्वर की समस्या पूरे प्रदेशभर में बनी हुई है। एक अप्रैल से नए कलेक्टर गाइडलाइन आने के कारण जमीन की दर महंगी हो सकती है। यही कारण है कि सौदे के बाद पक्षकार सीधे मार्च माह में ही रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे है। लेकिन इस बीच सुबह से शाम सर्वर की समस्या बनी हुई है। एक साथ सैकडों प्रकरण रजिस्ट्री के सामने आने के चलते सिस्टम में बैठ गया है। हांलाकि बुधवार के पेंडिंग रजिस्ट्री के प्रकरण का निपटारा गुरूवार को भी किया गया। जिला पंजीयक कार्यालय में देर रात रजिस्ट्री हो रही हैं। राज्य स्तर से किसी भी स्थिति में टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए गए है। यही कारण है कि, देर रात आठ बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया कार्यालय में चल रही हैं।

### कम करनी पड़ी टारगेट

जिला पंजीयक कार्यालय को इस बार 560 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। लेकिन बाद में राज्य शासन द्वारा इसे 420 करोड रूपए कर दिया गया है। बहरहाल टारगेट के मुकाबले जिले में 84 फीसदी राजस्व मिल चुका हैं, यानि 361 करोड रूपए तक की प्राप्ति हुई है। अफसरों को आगामी चार दिन में टारगेट पूरा करने की उम्मीद है। बहरहाल कार्यालय की टाइमिंग पांच से सात बजे तक कर दी गई हैं।



### धमधा में एक भी रजिस्ट्री नहीं

गुरूवार को भी सर्वर की समस्या बनी रही। जिसके चलते धमधा उप पंजीयक कार्यालय में एक भी रजिस्ट्री नही हो सकी। जिले में 27 मार्च को दुर्ग के जिला पंजीयक कार्यालय के एसआर वन में 104 एसआर टू में 139 और एसआर तीन में 107 अप्वाइंटमेंट थे, लेकिन 89 रजिस्ट्री हो सकी। वहीं भिलाई तीन में चालीस के जगह सिर्फ पन्द्रह रजिस्ट्री हुई। पाटन में 116 अप्वाइंटमेंट पर 62 रजिस्ट्री हुई। वहीं धमधा में सिर्फ एक अप्वाइंटमेंट थे, उसकी रजिस्ट्री नही हो सकी। वहीं बोरी में 25 प्रकरण में 23 की रजिस्ट्री हुई। इस तरह गुरूवार को एक ही दिन 432 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजीयन शिविर 31 तक

**दुर्ग।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं पीएम इंटर्नशिप योजना दुर्ग जोन के नोडल अधिकारी प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शा. पॉलीटेक्निक में 11 से 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक खुले रहेंगे।

### ईडी निगम ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रवीन निगम ने सौजन्य भेंट के तहत क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रायपुर, अभिषेक कुमार से मुलाकात की । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आ रही विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा हुई। अभिषेक कुमार ने बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा श्री निगम के मार्गदर्शन में उठाए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना की। आमंत्रण पर उन्होंने बीएसपी का दौरा करने हेतु सहमति दी।

### नहीं रहे एसपी निर्मलकर

**भिलाई।** 13-ए/एवी. बी/01 निवासी एसपी निर्मलकर का निधन गुरुवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 28 मार्च को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कामदेव निर्मलकर के पिता थे।

### अंडा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के तत्वाधान में ग्राम अण्डा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। सीएसआर से डां.एडी बनर्जी, फार्मासिस्ट खिलावन कुंभकार, नर्स प्रभा सैमुअल व शंभू दयाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से सीएचओ दामिनी सिन्हा व आरएचओ मुकेश साहू उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 3 अप्रैल से

**कुण्डा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम रामपुर पारा-कुण्डा में 3 अप्रैल से तीन दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता व माता की रानी की भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5101 रुपए स्व खोरबहरा चंद्राकर एवं स्व श्रीमती जमवंती चंद्राकर के स्मृति में हरेंद्र चंद्राकर सरपंच कुण्डा द्वारा दिया जाएगा, द्वितीय पुरस्कार 3101 रुपए स्व नारायण साहू के स्मृति में दिलीप, पन्ना साहू द्वारा दिया जाएगा तथा तृतीय पुरस्कार 2101 रुपए स्व निहाल चंद्राकर के स्मृति में अवधेश चंद्राकर द्वारा दिया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को ज्योति-जोत- ज्वारा मनोकामना कलश स्थापना की जाएगी। वहीं देवी-मंदिर समितियों द्वारा माता रानी की सेवा के लिए तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें ग्राम कुण्डा-रामपुर पारा स्थित श्री हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में मोहल्लेवासियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय छठ, सप्तमी एवं अष्टमी को जसगीत (माता का जागराता) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिस पर अधिक से अधिक संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## गर्मी में ठंगडा बांध को खाली करने का चल रहा षडयंत्र

# ठगडा बांध में मोटर लगाकर बहा रहे पानी, संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

*दर्जनभर वार्डों में जलस्तर बनाए रखने वाले ठगडा बांध से भरी गर्मी में मोटर लगाकर पानी बहाने का मामला प्रकाश में आया है। आसपास के लोगों ने जब जलसंसाधन विभाग से इसकी शिकायत की तो विभाग के एसडीओ डीएन शुक्ला ने जांच किया। इस दौरान ठंगडा बांध के संचालक की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले में जलसंसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। निगम आयुक्त ने इस मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी किया हैं।*

हरिभूमि सरोकार

भरी गर्मी में जहां जलस्तर लगातार नीचे जा रही है और जिलेभर में पानी के लिए त्राही त्राही मची हुई हैं। इस बीच ठंगडा बांध के संचालक द्वारा पानी को मोटर लगाकर व्यर्थ बहाया जा रहा हैं। जब जल संसाधन के एसडीओ ने बांध के चौकीदार से कडाई से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि, बांध के गहरीकरण किए जाने के लिए पानी निकाला जा रहा हैं। यह किसी से छुपा नही है कि ठगडा बांध में गहरीकरण के नाम पर पहले भी जमकर बंटरबांट किया गया हैं। वही षंडयंत्र एक बार फिर सामने आई हैं। जल संसाधन विभाग ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा हैं, जिसमें उन्होने पेयजल की समस्या होने के बाद भी इस तरह पानी बहाने पर नारजगी जताई है। इस पत्र के बाद निगम आयुक्त ने संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया हैं।

### गहरीकरण के लिए गर्मी में बहाते पाए गए बांध से पानी



### महापौर ने मौके का किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम महापौर अल्का बाघमार को ठगड़ा बांध से पानी बाहर निकलने की समस्या से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने तुरंत स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया। महापौर ने कहा, "ठगड़ा बांध से पानी को बाहर फेंका जा रहा है, इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि, ठगड़ा बांध में जलभराव रहना चाहिए, क्योंकि गर्मी के मौसम में पानी का अत्यधिक महत्व है और यह पशु-पक्षियों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। महापौर ने स्थानीय निवासियों को भरोसा दिलाया कि, नगर निगम उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगा।

### बांध में पानी नहीं होने से इन वार्डों में समस्या

ठगड़ा बांध सूखने की वजह से विद्युत नगर, पदमनाभपुर वार्ड क्रमांक-45, पदमनाभपुर वार्ड क्रमांक-46, गुरुघासीदास वार्ड, केलाबाड़ी, कसारीडीह, बोरसी के दोनों वार्ड, पोटिया,सिविल लाइन क्षेत्र में भूजल स्तर गिरावट आ जाती है। इनमें से पदमनाभपुर के दोनों वार्ड, आदर्श नगर, विद्युत नगर, मिनाक्षी नगर शहर का पाश इलाका है, जहां अधिकांश घरों में अभी भी हैडपंप है। आसपास के लोगों ने बताया कि, बांध में पानी नही होने से हैडपंप से मात्र आठ से दस मिनट ही पानी आ रहा है।

### संचालक ने किसके इशारे पर उठाया कदम?

ठगडा बांध से भरी गर्मी में पानी व्यर्थ बहाने से आसपास के वार्डो के बोरिंग में पानी नही आता है। ठंगडा बांध भरे होने से आसपास जलस्तर बेहतर होता है। नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध को ठेके पर संचालित करने निजी फर्म को दिया गया हैं। हांलाकि इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की हैं। सवाल यह उठता है कि, जल संसाधन विभाग के जांच में ठगडा बांध के संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी सामने आई है। सवाल उठता है कि, आखिर संचालक ने किसके इशारे पर कीमती जल को बहाया जा रहा था। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से कडी कार्यवाही की मांग की हैं।

### निगम को पत्र लिखा

"गर्मी में जलस्तर गिरने की समस्या हो रही है। इसके बाद भी बांध से पानी व्यर्थ बहाने की जानकारी पर एसडीओ ने जांच की थी। संचालक द्वारा पानी बहाने की जानकारी मिली है। जिस पर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया हैं।

-आशुतोष सारस्वत, ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

### नोटिस जारी

"बांध से पानी व्यर्थ बहाने के मामले में ठंगडा बांध के संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। जवाब मिलने पर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

-सुमीत अग्रवाल,
आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

# अलाटेड क्वार्टर में छह साल से कब्जा



■ प्रेस कांफ्रेंस : न्याय के लिए भटक रही अलाटी महिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम. निराकार ने सेक्टर 7 में अपने पति को अलाट किए गए क्वार्टर को कब्जामुक्त कराने के लिए दर बदर भटक रही है। मकान खाली कराने के लिए बीएसपी मदद कर रही है और न ही पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है। मकान में 6 साल से एक कांग्रेस नेता ने कब्जा कर रखा है। मकान के लिए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। अयप्पा नगर निवासी एम राजेश्वरी पति स्व. एम निराकार ने अपने दो बच्चों के साथ प्रेस कांफ्रेंस में न्याय की मांग करते हुए बताया कि मेरे पति एम निरकार भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर राड मिल विभाग में सीनियर आपरेटिव के पद पर कार्यरत थे। 2 जुलाई 2018 को मेरे पति की मृत्यु होने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारी हितलाभ योजना के तहत 30 सितंबर 2033 तक के लिए क्वार्टर नं 3 ए, सड़क-9, सेक्टर-7 में (1 -एम टाइप) आवास उपलब्ध करवाया गया था। मुझे रुपए की जरुरत होने पर अपने परिचित निरंजन बिसई से 90 हजार रुपए उधार ली थी। निरंजन द्वारा कोरे बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर कराया। अपने दोनों बच्चों के साथ भाई के घर राउरकेला जाने के दौरान अपने परिचित के निरंजन बिसई को घर की देखरेख के लिए अपने आवास को दे दिया। श्रीमती एम. राजेश्वरी ने बताया कि भिलाई वापस आकर जब वे अपने घर गई तो उन्हें घुसने नहीं दिया। खाली बॉन्ड पेपर में हस्ताक्षर लेकर किरायानामा टाइप करवा दिया गया। निरंजन बिसई हमारे क्वार्टर में 6 साल से कब्जा कर रखा है। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है।

### पुलिस व बीएसपी से नहीं मिल रही मदद

श्रीमती एम. राजेश्वरी के पुत्र भूमिश ने बताया कि क्वार्टर में 6 साल से निरंजन के कब्जे की शिकायत लेकर भिलाई नगर थाने गए तो वहां बताया गया कि ये बीएसपी का मामला है। हम कुछ नहीं कर सकते। एक माह पूर्व नगर सेवा विभाग के अधिकारी से भी लिखित में शिकायत की गई है, लेकिन वहां से भी कुछ कार्रवाई नहीं की गई। भूमिश ने बताया कि अधिकारी समझौता करने की सलाह दे रहे हैं। आवास के लिए 8 हजार रुपए हर माह बीएसपी द्वारा काटा जा रहा है। भूमिश ने बताया कि मां के नाम से आवास अलॉट होने के बाद भी बीएसपी के अधिकारी कब्जाधारी निरंजन बिसई के पक्ष में बात कर रहे हैं। भूमिश ने बताया कि कब्जाधारी निरंजन बिसई कांग्रेसी नेता है। श्रीमती राजेश्वरी ने बताया कि आवास में जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लड़ाई झगड़ा की जाती है।

# पेयजल समस्या का समाधान करने नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का मो. नम्बर 9827191230 है। नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सहायक अभियंता श्री प्रकाश सिंह ठाकुर मो.न. 9827191230 है। इसी प्रकार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक भागवत मानिकपुरी 9755903273 सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक, श्री ईश्वर देवांगन 9329682835 दोपहर 2 से रात 8 बजे तक रहेंगे। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में सहायक मानचित्रकार धनसिंह सिन्हा द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेंगे। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। उपखंड स्तर पर पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 15 जून 2025 तक अपने आबंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। विकासखंड दुर्ग/धमधा प्रभारी उप अभियंता प्रतिक मिश्रा 9752314143, गायत्री वैष्णव 7999843595, विशाल गेडाम 9406049040, कु.कल्पना पोया 8889278847 रहेगी। उपखंड कार्यालय पाटन प्रभारी सहायक अभियंता एम.ए.खान 9425555084, उप अभियंता पल्लवी ध्रुव 8249591211, सुमन साहू 7587143332, बिमला ठाकुर 7692069292 रहेंगे। जिला स्तर पर खंड कार्यालय दुर्ग एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुधार उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008 में भी शिकायत/सुधार दर्ज किया जा सकता है।

**विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800233008**

**मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप:** भिलाई-दुर्ग में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। गर्मियों के दिनों में सबसे ज्यादा वार्ड की बस्तियों में गंदगी फैलने के कारण मच्छर पनप रहे है।

# हाईवे में भाजपा और सीबीआई का किया पुतला दहन

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग के पुराना बस स्टैंड के हाईवे में पुतला दहन किया। इस दौरान बडी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की किए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया। सीबीआई छापे को लेकर दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय दुर्ग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के यहां सीबीआई छापे को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह छापा सीबीआई का दुरुपयोग है। यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण), गया पटेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, संजय देहलहरा, नीलेश जैन, प्रहलाद वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद द्वारिका, वीरेंद्र गोस्वामी, मुकेश साहू, नीरा खिचरिया, सुरता सिंह, तिलक साहू, ऋषि साहू, रत्ना नारमदेव, हेमा साहू आदि मौजूद थे।

# नगर निगम भिलाई अब सुविधाएं बढ़ाने वेंडरों को देगा ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज :भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में सड़क के किनारे एवं निर्धारित स्थल पर खाद्य सामग्री बेचने वाले लगभग 8780 स्ट्रीट वेंडर है। इसमें से 3222 स्ट्रीट वेंडरों का नगर निगम भिलाई द्वारा पंजीयन किया गया है। इनके पास गुमशता, हाकर लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया है। ज्यादातर स्ट्रीट वेंडर द्वारा दैनिक उपयोग की खादय सामग्री बनाकर बेचा जाता है। समय-समय पर उन्हे शासन की योजना के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। किस प्रकार से दुकानों का संचालन करें, शासन द्वारा उन्हे क्या सुविधा प्रदान की जा रही है। शुरू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनों के तहत व्यापार करने के लिए उन्हे 10 हजार का लोन प्रदान किया जाता है। बैंक से उनका ट्रान्जेक्शन ठीक रखने एवं हिसाब-किताब व्यवस्थित रखने पर उन्हे और आवश्यकतानुसार बैंक द्वारा दुकान को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है।

## बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 26 से जारी

# बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन की कैमरे से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श कन्या स्कूल तथा सेजस दीपक नगर में 26 मार्च से शुरू हो गया।उत्तर पुस्तिका को सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहले दिन प्रत्येक शिक्षक को 5-5 कापियां जांच के लिए दी गई। मूल्यांकन के लिए विषयवार प्राचार्य तथा लेक्चरर की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन का समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। केंद्र में पहले दिन दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की कुल 800 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिसमे 12वीं के 350 तथा दसवीं के करीब 450 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। वही पहले दिन 184 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन में शामिल हुए थे, दूसरे दिन 216 प्राचार्य तथा लेक्चरर मूल्यांकन के लिए शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक अब तक दसवी में 3212 और बारहवी में 2601 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है।






### प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष की देख-रेख में मूल्यांकन

इस बार जिले के सबसे बड़े तथा प्रतिष्ठित शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक जेआरडी विद्यालय को सीजी 10वीं-12वीं बोर्ड का मूल्यांकन केंद्र नहीं बनाया गया है। स्कूल के प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल की देख-रेख में मूल्यांकन चल रहा है। शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा तथा परीक्षा प्रभारी अमित घोष दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। डीईओ ने मूल्यांकन को बेहद ही गंभीरता व सजकता से किए जाने के निर्देश दिए। वही सभी कमरों में सीसी कैमरा के द्वारा मानिटरिंग की जा रही है।

# नगर पालिका अध्यक्ष सीपी चन्द्रवंशी ने पेश किया 228 करोड़ 61 लाख का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। जब इंसान पूरे समर्पण और मेहनत से काम करता है, तो चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, वह आखिरकार सफलता प्राप्त करता है। मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। यही विश्वास और दृढ़ संकल्प से ही विजय प्राप्त किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने प्रथम बजट को परिषद के पटल पर रखा। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ाएगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होनें बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्रगान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की। इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया गया है इसमें वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय 22861.95 लाख तथा व्यय 22843.30 रूपए प्रस्तावित किया गया है इस प्रकार बजट में 18 लाख 65 हजार का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया है।

### मिल का पत्थर साबित होगा बजट

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास के लिए इस बजट में 193 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट निर्माण 1 करोड़, शारदा संगीत महाविद्यालय का उन्नयन, खेल विस्तारीकरण, महिला जीम की स्थापना 2 करोड़, नालंदा परिसर, जेवडन मार्ग, करपात्री स्कूल के सामने एवं परशुराम चौक से गंगानगर होते हुए वार्ड क्रमांक 08 तालाब तक गौरवपथ निर्माण 15 करोड़, शहर के चारो दिशाओं में प्रवेश द्वार का निर्माण 2 करोड़, शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 50 लाख, तालाबों का विकास 6 करोड़, पाईप लाईन विस्तारीकरण, स्ट्राम डेऊन बड़े नाला का विकास कार्य, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे नवीन मटन मार्केट का निर्माण 2 करोड़ 50 लाख, नवीन कचरा प्रबंधन संग्रहण केन्द्र का निर्माण 1 करोड़, मुक्तिधाम विकास कार्य 5 करोड़, गार्डन विकास का कार्य 6 करोड़ 50 लाख सहित अन्य विकास कार्यो को शामिल किया गया है। इस प्रकार अधोसंरचना मद अंतर्गत 34 करोड़, राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 24 करोड़, केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत 35 करोड़ 11 लाख, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 3 करोड़, अन्य मदो से प्राप्त राशि 15 करोड़ 64 लाख, सांसद, विधायक, अध्यक्ष पार्षद निधि से 2 करोड़ 10 लाख, निकाय राजस्व से 6 करोड़ 60 लाख रूपए का खर्च करने का प्रावधान किया गया है।



### नागरिकों व प्रतियोगी परीक्षाओं का विशेष ध्यान

नगर पालिका कवर्धा के पीछे स्थित मंगल भवन में निःशुल्क कोचिंग की स्थापना, पीएससी (लोक सेवा आयोग, व्यापम, जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु, संगीत महाविद्यालय का उन्नयन कार्य एवं संगीत के बच्चों में रुचि बढ़ने काम करेंगे तथा अन्य विधाओं के कोर्स चालू करने हेतु विषेश प्रयास, पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर पालिका क्षेत्र में 1000 हजार पेड़ लगाया जायेगा। शासन द्वारा जारी टोल फ्री नं. निदान 1100 के अलावा कवर्धा शहर की आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा टोल फ्री नंबर व नगर पालिका टैक्स पटाने में सुविधा हेतु आनलाइन पेमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा तथा नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र के शिक्षा, खेल, संगीत आदि क्षेत्र के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान करेगें।

### महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए बनेगें 4 पिंक टायलेट

बजट में नपाध्यक्ष ने बताया कि चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट का निर्माण होगा। पिंक टायलेट का निर्माण जो महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में मदद करेगा। महिलाओं को साफ, सुरक्षित और आरामदायक सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक सकारात्मक पहल है। इस तरह की सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए अधिक सहूलियत और आत्मविश्वास पैदा करेगें, खासकर जब वे बाहर निकलने पर अक्सर व्यक्तिगत सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर चिंतित होती हैं अब वह चिंता दूर होगी।

### विकास कार्यो पर फोकस

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में पेश किया गया। यह उनके कार्यकाल का पहला बजट था। इस बजट में नगर पालिका क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव किया गया, जिसमें अधोसंरचना, केन्द्र प्रवर्तित योजना, राज्य प्रवर्तित योजना, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, जल आपूर्ति, और स्वच्छता संबंधित कार्यो को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### कक्षा पहली से पांचवी तक की परीक्षा संपन्न

**बरबसपुर**। शहर सहित क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं की परीक्षा संपन्न होने से चिंता मुक्त व भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं स्कूली छात्र छात्राओं को अब एक माह बाद अंक सूची का इंतजार करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्कूल के सभी प्रधान पाठक व शिक्षक चंद्रप्रकाश धृतलहरे ने छात्र-छात्राओं को समझाइस दी की घर में रहकर पढ़ाई-लिखाई को निरंतर जारी रखें साथ ही साथ गर्मी व उमस से बचकर समय पर खेल कूद तथा पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

### श्रमिकों के खाते में जारी की गई राशि

**कवर्धा**। छत्तीसगढ़ सरकार श्रमिकों व उनके परिजन की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी कड़ी में राज्य के 86 हजार 462 श्रमिकों को 40 करोड़ 48 लाख की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है।

### सोशल मीडिया में भ्रामक मैसेज पोस्ट करने वाले के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**डोंगरगढ़**। सोशल मीडिया में ''चैत्र नवरात्रि 2025 बम्लेश्वरी माता मंदिर और पताल भैरवी मंदिर में ज्योति कलश पे लगी रोक'' लिखकर भ्रामक मैसेज पोस्ट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी 'हमर भिलाई छत्तीसगढ़' में एक भ्रामक मैसेज पोस्ट किया था कि चैत्र नवरात्रि 2025 बम्लेश्वरी माता मंदिर और पताल भैरवी मंदिर में ज्योति कलश पे लगी रोक के मामले में कार्रवाई करने हेतु श्री बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ को आवेदन प्रस्तुत किया गया था।


**हादसा:** रेंगाखार-चिल्फी के बीच हादसा, शादी समारोह से लौट रहा था बीट गार्ड

# सड़क हादसे में बीट गार्ड की मौत, पेड़ से टकराई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बीती रात कबीरधाम जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र से सामने आए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार वन विभाग के बीट गार्ड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि शादी समारोह से वापस लौट रहे बीट गार्ड की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात ग्राम समनापुर निवासी बीट गार्ड प्रेमसागर शर्मा आयु करीब 35 वर्ष अपनी कार क्रमांक सीजी 07-एएल-7999 से एक शादी समारोह में शामिल होने ग्राम मुड़घुसरी गए थे। बताया जाता है कि श्री शर्मा शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 11.30 बजे अपनी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रेंगाखार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाखार-चिल्फी के बीच उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। जिससे कार चालक श्री शर्मा को गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस श्री शर्मा को कार से निकालकर अस्पताल भी ले गई लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।






### कार के उड़े परखच्चे, कार का अगला हिस्सा पेड़ में घुसा

हादसे की भीषणता को अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुर्घटना के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे देखकर ऐसा लगातार की कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके कारण कार अनियंत्रित हो गई और श्री शर्मा उसे समय रहते नियंत्रित नहीं कर पाए जिसके चलते तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और श्री शर्मा को अपनी जान गवानी पड़ गई।



# बढ़ती गर्मी के साथ बिजली के झटके शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों में एक बार फिर बिजली ने झटका देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्च माह की समाप्ति के साथ ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढ़ने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीत ऋतु की समाप्ति के बाद मार्च माह के अंतिम सप्ताह से गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही नगर सहित समूचे जिले में बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्स विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा नगर में कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचौली से राहत मिल सकती है।

# पंडरिया बस स्टैण्ड में व्यवस्थाओं का आभाव, यात्री परेशान

- नगर पालिका पंडरिया का बस स्टैण्ड वर्षो से झेल रहा है उपेक्षा का दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पालिका पंडरिया में बस स्टैण्ड व यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण हुए वर्षो बीच चुके हैं लेकिन अभी तक यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं कराई गई है। जिसका बेजा खामियाजा इस भीषण गर्मी के दौर में यात्री सहित आसपास के दुकानदार भुगत रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर पालिका पंडरिया में वर्षो पूर्व लाखों रूपए की लागत से बस स्टैण्ड व यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण कराया गया था। जहां कवर्धा से बिलासपुर, बिलासपुर से कवर्धा, कवर्धा से लोरमी, कोटा, लोरमी कोटा से कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों और कई लंबी दूरी तक चलने वाली दर्जनों यात्री बसों का आना-जाना दिनभर लगा रहता है।

वहीं इन बसों में सफर करने वाले यात्री भी बड़ी संख्या में स्थानीय बस स्टैण्ड में रूकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि पंडरिया के इस बस स्टैण्ड में यात्रियों के लिए कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यहां तक की इस भीषण गर्मी में यात्री पानी तक लिए मारे-मारे फिर रहे हैं।

पेयजल के आभाव में स्थानीय दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यात्री प्रतिक्षालय में पंखा, साफ-सफाई का भी आभाव है। जिसकी तरफ नगर पालिका और उसमें काबिज जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

### अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया बस स्टैण्ड आज का नहीं है बल्कि इसे निर्मित हुए वर्षो बीत चुके हैं। लेकिन निर्माण के बाद से ही पंडरिया का यह बस स्टैण्ड उपेक्षित रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि व्यवस्था सुधार की दिशा में न तो पूर्ववर्ती सरकार के ओहदेदार जनप्रतिनिधि कोई कदम उठा पाए और न ही मौजूदा सरकार के नुमाईदे इस दिशा में कुछ करते दिखाई दे रहे हैं।

# टीचर्स एसोसिएशन ने एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को आगामी एक अप्रैल से प्रातः पाली में संचालित करने की मांग किया। डीईओ की ओर से सहायक संचालक द्वय महेंद्र गुप्ता व यूआर चन्द्राकर ने ज्ञापन स्वीकार किया।

चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, उग्रसेन चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, राजेश कौशिक, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजकिरण चन्द्रवंशी, रामसिंह साहू, महेंद्र गुप्ता, बद्री चन्द्रवंशी, भूपेंद्र साहू, हुक्मीचंद धुर्वे, अरविंद कुंजाम, प्रकाश केशरवानी, भागवत कौशिक आदि उपस्थित थे।

# गन्ना कटाई के साथ ही जंगली सुअरों की धमाचौकड़ी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

हर साल की तरह इस साल भी जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्रामीण अंचलों में गन्ना कटाई के बाद जंगली सुअरों की धमाचौकड़ी आबादी क्षेत्रों में बढ़ गई। जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है। वहीं लम्बे अंतराल के बाद गन्ना के खेतों निकलकर बाहर आए जंगली सुअरों के शिकारी भी सक्रिय हो गए है। उल्लेखनीय है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम मोहतरा, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, बसनी, रूसे, कापा, दामापुर, कुंडा सहित अन्य दर्जनों गांव में ग्रामीण किसानो द्वारा बड़ी मात्रा में गन्ना की खेती की जाती है। बताया जाता है कि जब से इन ईलाकों में प्रचुर मात्रा में गन्ना की खेती प्रारंभ हुई तभी से यहां आसपास के जंगलों से आकर जंगली सुअरों ने अपना डेरा जमा लिया है और बेजा फल-फूल रहे हैं। क्योंकि इन्हें इस ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों की अपेक्षा बड़ी सहजता से भोजन पानी के साथ ही सुरक्षा भी मिल रही है। ग्रामीणों की माने तो जंगली सुअर पूरे साल के अधिकांश महिने गन्ना खेतों के भीतर ही दुबके रहते हैं और वहीं अपना खुजर बसर करते हैं। पानी के लिए जरूर वे रात के समय गांव के तालाब आदि के पास पहुंचते हैं और बगैर किसी को नुकसान पहुंचाए फिर गन्ने के खेतों में दुबक जाते हैं। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि अब जैसे-जैसे अंचल में गन्ने की कटाई पूरी हो रही है और खेत खाली होते जा रहे हैं जंगली सुअरों का आशियाना उजड़ रहा है और वे यहां वहां भटकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इन दिनो क्षेत्र के कई ग्रामों में जंगली जुअरों के झुंड दिखाई देने लगे हैं जो भोजन, पानी और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में यहां वहां भटक रहे हैं। ऐसे में कई बार ग्रामीणों और जंगली सुअरों का आमना सामना भी हो जाता है। कभी जंगली सुअर ग्रामीण पर भारी पड़ जाते हैं तो कभी ग्रामीण जंगली सुअरों पर भारी पड़ जाते हैं और उनका शिकार कर लिया जाता है। कुल मिलाकर गन्ना कटाई समाप्त होने के साथ ही यह स्थिति एक बार फिर पंडरिया क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रही है।

**कलेक्टर वर्मा ने छोटी मेहरा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया**

# विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री छोटी मेहरा ने जीते दो कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में जिले की अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दो कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई थी और यह भारत में आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री थी। इस आयोजन का आयोजन पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छोटी मेहरा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 प्रतियोगिता में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीटों ने भाग लिया, जिसमें जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाखस्तान, और उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी शामिल थे। 90 स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले इन खिलाड़ियों के बीच, छोटी मेहरा ने गोला फेक और चक्र फेक में कांस्य पदक प्राप्त किए।

इस प्रतियोगिता में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई भी उपस्थित थे। पूर्व में 17 से 20 फरवरी 2025 तक चेन्नई में आयोजित 23 वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स में भी छोटी मेहरा ने गोला फेक और चक्र फेक में दो सिल्वर मेडल हासिल किए थे। इसी शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 के लिए हुआ था।

इसके अतिरिक्त खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन 20 से 23 मार्च 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में हुआ था, जिसमें छोटी मेहरा ने छत्तीसगढ़ को दो कांस्य पदक दिलाए। उन्होंने गोला फेक और चक्र फेक में इन पदकों को जीते।

इस दौरान छोटी मेहरा के कोच वसीम रजा कुरैशी को छत्तीसगढ़ का हेड कोच नियुक्त किया गया था। जिले की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी कठिन मेहनत और समर्पण से राज्य और जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया।

## पेज 11 के शेष

### बच्चों को प्लास्टिक ...

जगह प्लास्टिक का उपयोग होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक में मौजूद रसायन हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक हैं? इसका अत्यधिक उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण का मुख्य कारण बनता है, जो हमारे ग्रह, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुँचा रहा है। यह प्रदूषण आज के समय में सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक है।

### भक्तमाता कर्मा के आदर्श ...

सरपंचकमल किशोर साहू उपसरपंच, रघुवीर साहू, छोटूराम साहू, देवचरण साहू, योगेश साहू, रति साहू पंच, हरि साहू पंच, टिकेश्वरी साहू पंच, जगौती साहू पंच, रामेश्वरी साहू पंच, रेखा साहू पंच, रोशनी साहू पंच, ओमकुमारी साहू पंच, बिशवनतीन साहू पंच, श्यामा साहू पंच, दसरूराम साहू, खेदू साहू, रामाधीन साहू, नरेश साहू, ललित साहू, देवराम साहू, सनत साहू, बंशी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### 1 अप्रैल से स्कूल सुबह ...

शनिवार प्रातः 7:00 बजे से 11:00 तक लगा करेंगी। ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती है, वहां पर प्रथम पाली की कक्षाएं सुबह 7:00 से 11:00 तक तथा द्वितीय पाली की कक्षाएं 11:00 बजे से 3:00 तक लगा करेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है कि यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक लागू रहेगी। सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय इस समय सारणी का कड़ाई से पालन करेंगे।

## सार समाचार

### चार छात्रों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन






**देवकर।** ज्ञानोदय विद्या निकेतन देवरबीजा के चार विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है, जिसमें कृष्णा पटेल पिता पोषण कुमार पटेल ग्राम सेमरिया, मोक्ष भारती पिता ताराचंद भारती ग्राम बीजा, प्रियंका देवांगन पिता हनुमान देवांगन ग्राम पदमी और नम्रता सिन्हा पिता ठाकुर राम सिन्हा ग्राम पदमी का चयन हुआ है । इस विद्यालय के 12 वर्षों में 49 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रोमेन्द्र सिंह शिक्षक येसु दास मानिकपुरी, शिक्षिका प्रेमलता मंडावी, मंजू धृतलहरे, शारदा टंडन, विनीता राजपूत, पलक साहू, मोनिका साहू, ज्योति सोनवानी, देवकुमारी साहू, ईश्वरी साहू, संगीता साहू, प्रिया साहू, नंदिता शर्मा, संतोषी साहू, माधुरी साहू एवं संजना निर्मलकर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कुसमी स्कूल के दो बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन




**बेमेतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए बेरला विकासखंड के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुसमी से दो बच्चों का चयन हुआ है। संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का इस उपलब्धि पर विशेष सहयोग रहा। नवोदय प्रवेश परीक्षा में दृष्टि ध्रुव एवं मानस साहू का चयन हुआ है। हर्ष की बात यह कि नगर पंचायत कुसमी का यह पहला चयन हैं। जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों की अथक प्रयासों के चलते इस उपलब्धि को हासिल करने में सक्षम रहे। बच्चों की तैयारी के लिए स्कूल स्तर पर विशेष रूप से तैयारी करायी जा रही थी। संकुल प्राचार्य एस एस ठाकुर, शिक्षक हुलेश्वर श्रीवास, यमन साहू, दुर्गेश्वरी ठाकुर, गजेन्द्र वैष्णव एवं शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित करते हुए दोनों बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

### अग्निवीर बने लुकेश का साथियों ने किया अभिनंदन



**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के ग्राम भेंडरवानी के उमराव साहू के पुत्र लुकेश साहू का चयन इंडियन आर्मी के अग्निवीर में चयन होने पर ग्राम के युवा साथियों ने बधाई दी। उन्हें बधाई देने वालों में व्याख्याता लोमन सिंह वर्मा, शिक्षक अर्जुन वर्मा, मनोज वर्मा, कमलेश साहू, ठकेश्वर ढीमर, कान्हा वर्मा, डाकेश्वर ढीमर, आर्यन वर्मा, राहुल वर्मा, मोरज ढीमर, राहुल वर्मा, कमलेश साहू एवं कबड्डी टीम के सभी सदस्य शामिल हैं। लुकेश साहू ने अग्निवीर बनकर परिवार व गांव का नाम रौशन किया है।

### खैरी स्कूल के दो छात्रों का नवोदय में चयन प्राथम



**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के शाला प्राथमिक शाला खैरी के दो छात्र आशीष कुमार जंघेल और मानवी जंघेल ने नवोदय परीक्षा में बाजी मारी है। दोनों बच्चे प्रारंभिक कक्षा से ही बहुत प्रतिभाशाली रहे हैं। स्कूल के दो बच्चों के चयन में शिक्षिका दीपिका वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। प्रधानपाठक नेमी राम रजक का भी छात्रों को मार्गदर्शन मिलता रहा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सनत राम जंघेल, लालाराम जंघेल, गोवर्धन जंघेल, कालूराम जंघेल, गौतम जंघेल, लता जंघेल, गंगा जंघेल, सविता जंघेल, शशि कला जंघेल, उमेश्वरी जंघेल, तिलेश्वरी ठाकुर, सावित्री जंघेल, पूर्व सरपंच जीवेश जंघेल स्वयंसेवी शिक्षिका कुमारी गंगोत्री जंघेल दोनों बच्चों के माता-पिता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीति जंघेल, सहायिका शांति मानिकपुरी सभी ने स्कूल में पहुंचकर बच्चों का तिलक लगाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आज सिंधी समाज की भव्य महिला बाइक रैली

**राजनांदगांव।** झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज द्वारा एक भव्य महिला बाइक रैली का आयोजन कल 29 मार्च को शाम 4 बजे किया जा रहा है। यह रैली महिलाओं की शक्ति और स्वतंत्रता का प्रतीक है और इसे समाज में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। रैली में भाग लेने वाली सभी महिलाएं अपनी बाइक पर सवार होकर एकजुटता का प्रदर्शन करेंगी। यह आयोजन न केवल महिलाओं के लिए एक उत्सव होगा, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक प्रयास है। समाज द्वारा रैली का ड्रेस कोड व्हाइट सूट और केसरिया चुनरी निर्धारित किया गया है। यह रैली झूलेलाल लालबाग से शुरू होकर नगर भ्रमण कर झूलेलाल मंदिर चौखड़ियापारा में समाप्त होगी। इसकी तैयारी जोर-शोर से सिंधी पंचायत युवा विंग के अध्यक्ष कौशल शर्मा एवं उपाध्यक्ष कमल गंगवानी, सचिव जितेन्द्र गनसानी के नेतृत्व में की जा रही है। उक्त जानकारी सिंधी पंचायत युवा विंग के सदस्य सीए सुशील सुखीजा द्वारा दी गई।

### अध्यक्ष शशि व सचिव बनी माधुरी

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह पं.क्र.1282 उप समिति राजनांदगांव त्रिवार्षिकी चुनाव में महिला अध्यक्ष शशि चौहान एवं महिला सचिव माधुरी ठाकुर बनी। महासभा मीडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने उक्त जानकारी देते बताया कि महिला अध्यक्ष शशि चौहान को प्राप्त मत 295 व इंदिरा देवी माला ठाकुर को 173 सहित महिला सचिव माधुरी ठाकुर को 248 एवं ममता क्षत्रिय को 179 मत प्राप्त हुए। महिला अध्यक्ष शशि चौहान एवं सचिव माधुरी ठाकुर की जीत से महिलाओं में काफी उत्साह है। इस पर छाया देवेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्पणा क्षत्रिय, गौतम, नंदनी ठाकुर, द्रोपति ठाकुर, शकुनतला ठाकुर, दुर्गा चौहान, सुशील चंदेल, संजू चंदेल, कीर्ति विनोद, कविता गौतम, रीना राजपूत, सत्या ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, माया विनोद, छाया ठाकुर, अमिता ठाकुर, मनीषा विनोद, रेखा राजपूत, सरिता ठाकुर, विजय लक्ष्मी चंदेल, कंचन चौहान, रानी ठाकुर, स्वाती ठाकुर, सरोज, मधु पवार आदि महिला मंडल ने शुभकामनाएं दी।

### आज निकलेगी सनातन एकता यात्रा

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा हिन्दू नववर्ष के अवसर पर हम सबके नए वर्ष चैत्र नवरात्र विक्रम संवत 2082 की पूर्व संध्या पर कल 29 मार्च को दोपहर 3 बजे बालाजी मंदिर गंज लाइन से भव्य हिन्दू सनातन एकता यात्रा निकाली जाएगी। छग सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि इस सनातन एकता यात्रा में मुख्य रूप से भगवान राम, हनुमान की भव्य झांकी के साथ बालवीर हनुमान, नवदेवी दुर्गा, रामधुनी व मधुर भजन मंडली, डीजे व बैंड पार्टी के साथ यह यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बाल गोविंद चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार होते हुए बालाजी मंदिर में समाप्त होगी। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर प्रसादी की जाएगी। छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने हिन्दू सनातन एकता का मुख्य उद्देश्य सभी सनातनी हिन्दू भाईयों को एकजुट करना है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा

# मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक में बजट पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2025-2026 पर विचार-विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के विभिन्न विभागों के लिए निविदा आमंत्रण सहित अन्य विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के पूर्व में महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा महापौर परिषद के सभी प्रभारी सदस्यों का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे के अलावा विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

महापौर यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्य सभा को प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि बजट में शासन द्वारा राजनांदगांव के विकास के लिए दी गई स्वीकृति व बजट प्रावधान को रखा जाएगा। इसके अलावा जनहित एवं जनभावनाओं के अनुरूप बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले माह अप्रैल में नवरात्रि के पश्चात सामान्य सभा में बजट प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, वर्षा शरद सिन्हा, बिना ध्रुव, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा एवं राजेश जैन रानू, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।



#### कई विषयों पर दी स्वीकृति

महापौर यादव ने बताया कि बजट के अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। इसके अलावा मवेशी बाजार नीलामी की उच्चतम बोली की स्वीकृति तथा वार्षिक निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही शासन के निर्देशानुसार नवागांव ट्रेंचिंग ग्राउंड में शेष लिगेसी वेस्ट पार्ट-2 के निपटान के लिए निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई।

#### दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करें

बैठक में महापौर यादव ने अधिकारियों से कहा कि सभी अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। चूंकि नगर निगम जनता से जुडी संस्था है, अतः जनता की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पार्षदों से सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी संबंधित वार्ड के पार्षद से मिलकर जानकारी देकर कार्य संपादित करेंगे। उन्होंने अधिकारी -कर्मचारी के पदोन्नति, क्रमोन्नति तथा अनुकंपा नियुक्त के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने आयुक्त विश्वकर्मा को निर्देशित किया।

# जिले की 129 पंचायतें टीबी मुक्त हुई



**बेमेतरा।** निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यकम जिला बेमेतरा में जिले के समस्त केमिस्ट डगिस्ट एवं प्रायवेट नर्सिंग होम, चिकित्सालय, क्लीनिक, लेब, एक्सेरे सेंटर संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाय के ध्रुव के निर्देश पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. अशोक बसोड के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित संचालकों को राष्ट्रीय क्षय मुक्त कार्यक्रम संबंधित जानकारी दी गई। टीबी मुक्त पंचायत तहत बेमेतरा जिला के 129 पंचायत अब तक टीबी मुक्त होने की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में ड्रग इंस्पेटर भास्कर राठौर, केमिस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश दुबे, कोषाध्यक्ष शरद शर्मा, यशवंत भारतद्वज, सुश्री संपत्ति बंजारे एवं समस्त डॉक्टर, केमिस्ट, ड्रगिस्ट आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से संचालकों को जानकारी दी गई ओर आवश्यक सहयोग देने कहा गया, जिसमें जिले के समस्त केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट जो टीबी के दवाई नहीं रखते हैं। वे दस रुपए के स्टाम्प में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही माह के 5 तारीख तक रिपोटिंग अनिवार्य हो ।



# शिव गंगा महाआरती से जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के तट पर आयोजित होने वाली शिवगंगा महाआरती का आयोजन बीते गुरुवार की संध्या प्रदोष तिथि पर किया गया। शिवगंगा महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और मां गंगा की आरती करते अपने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं नदियों में जल बरकरार रहने के लिए प्रार्थना करते नदियों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया।

शिवगंगा महाआरती समिति द्वारा आयोजित इस महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने पहले भगवान भोलेनाथ की महाआरती की और इसके बाद मां गंगा की आरती करते वर्तमान समय में जल संकट की स्थिति को देखते हुए विशेष प्रार्थना की। शिव गांगा आरती में शामिल होने पहुंची मीराबाई प्रजापति ने कहा कि इस शिव गंगा आरती में शामिल होने से सुखद अनुभूति मिलती है। वहीं उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण करने का संदेश मिलता है।



#### जल बचाने की अपील

शिव गंगा महा आरती के आयोजन में मोहरा, सिंगदई सहित आसपास के ग्रामीण वार्डों से लोग शामिल हुए और पूजा-अर्चना करते हुए सभी से जल संरक्षण करने की अपील की।

#### विलुप्त हो रही नदियां

शिव गंगा महा आरती के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा ने कहा कि शिव गंगा महाआरती लगभग 7 वर्ष पहले प्रारंभ की गई थी। इसका उद्देश्य लोगों में विलुप्त होती नदियों के प्रति संरक्षण और संवर्धन की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि आज नदियों के संरक्षण-संवर्धन के अभाव में नदियां विलुप्त होती जा रही है।

#### प्रदोष पर धार्मिक महत्व

शिव गंगा महा आरती संपन्न करने वाले पं. अनिल तिवारी ने कहा कि शिव गंगा महाआरती के आयोजन से लोगों में आध्यात्मिक जुड़ा होता है। वहीं इस महाआरती के माध्यम से दिए जाने वाला जल संरक्षण का संदेश भी लोगों तक आसानी से पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रदोष तिथि पर भगवान शिव की आरती करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

# मोहारा वार्ड में निःशुल्क दंत शिविर, मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड नंबर 47 मोहारा में भाजपा पार्षद व शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती के विशेष प्रयासों से दंत शिविर का सफल आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज सुंदरा के बैनर तले आयोजित हेल्थ कैंप में डॉ. प्रकृति जोशी, डॉ. वैष्णवी, डॉ. चैताली, डॉ. सागरिका, डॉ. श्रुति, डॉ. सुष्मिता, डॉ. रूचिका, डॉ. रूपक, डॉ. नौमान, डॉ. नितेश आदि ने सेवाएं दी।

शिविर में वार्ड पार्षद आलोक श्रोती सहित वार्ड के जागरूक निवासी परशुराम प्रजापति, देवकी देवांगन, मोहन तिवारी, लक्ष्मण प्रजापति, रामकुमार देवांगन, मीना सोनकर सहित, पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन, लक्की देवांगन, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति के विशेष प्रयासों से 91 मरीज का दंत परीक्षण किया गया। गंभीर मरीज एक भी



नहीं मिले, लेकिन 91 में से 80 के दांत सड़े पाए गए हैं। कुल मरीज में 50 बच्चे थे। बाकी युवा और बुजुर्ग हैं, इनमें बच्चों के दांत चाकलेट आदि खाते रहने से सड़ने और बड़ों के दांत जर्दा पाउच आदि खाते रहने से सड़ने की बात सामने आई है। सभी दांत के मरीजों को रात्रि में सोने के पहले ब्रश करने की सलाह दी गई। वहीं सड़े दांत निकलवाने के इच्छुक मरीजों को डेंटल कॉलेज आने कहा गया है, जहां शुल्क में छूट देकर उपचार किया जाएगा।

# प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र का पर्व गणगौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजस्थान के सबसे बड़े पर्व गणगौर की पूजा अब सारे देश में श्रद्धा-भक्ति के साथ की जा रही है। गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के स्वरूप की पूजा होलिका दहन के दूसरे रोज से कन्याओं, नवविवाहितों एवं महिलाओं द्वारा 16 दिनों तक विभिन्न रीति-रिवाजों के तहत मनाया जा रहा है। इस पर्व का अंतिम दिन 31 मार्च सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में संस्कृति शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धाभक्ति व आस्था के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में भगवान शंकर व पार्वती के स्वरूप की गणगौर के रूप में पूजा-अर्चना 16 दिनों तक की जाती है।



#### 16 श्रृंगार से होती है पूजा

होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होने वाले गणगौर पर्व की पूजा होलिका में चढ़ाए जाने वाले गाय के गोबर के कंडे से बने बरकुला को होली जलने के पश्चात एकत्रित कर 16 बरकुला चढ़ाकर पूजा प्रारंभ की जाती है। 16 दिनों तक होने वाली इस पूजा में 16 गीत, 16 सुहाग का श्रृंगार व हल्दी, काजल, कुमकुम व मेहंदी से 16 दिनों तक बिंदी लगाकर पूजा की जाती है।

#### मां पार्वती ने की थी भोलेनाथ की पूजा

विभिन्न कथाकारों के अनुसार गणगौर के महत्व को इस रूप में समझाया गया है कि मां पार्वती ने भोलेनाथ को पाने के लिए गहन तप किया था। जिससे प्रसन्न होकर भोलेनाथ प्रकट हुए और माता पार्वती से वर मांगने कहा तो उन्होंने भगवान भोलेनाथ को अपने वर के रूप में मांगा।

#### आस्था का पर्व

हिन्दू रीति-रिवाजों में त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। इसी के तहत राजस्थान सहित गणगौर को मानने वाले देश के विभिन्न हिस्सों में लोग पति की लंबी उम्र की कामना व परिवार के सुख-समृद्धि व शांति के लिए यह पर्व आस्था व श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाते हैं। इस बार गणगौर पर्व 31 मार्च सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ शहर के विभिन्न स्थानों, मंदिरों, समाजों व घरों में विराजमान गणगौर की शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण कराकर मां शीतला मंदिर माता देवाला के बूढ़ासागर में विसर्जित करेंगी।

# 31 तक संपत्ति कर का भुगतान करने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समय-समय पर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।

आयुक्त विश्वकर्मा द्वारा समय-समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था, उनके द्वारा समस्त वार्ड प्रभारियों की वार्डवार समीक्षा कर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिए जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्रवाई भी की जा रही है।





